सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन नैनीताल, दिनांक 21 मई, 2023

राजभवन गोल्फ क्लब नैनीताल द्वारा 19 मई से आयोजित तीन दिवसीय ''गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट–2023'', रविवार को सम्पन्न हो गया। इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न हिस्सों से 125 गोल्फरों ने हिस्सा लिया। राजभवन नैनीताल में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल/अध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) द्वारा टूर्नामेंट में विभिन्न वर्गों के विजेताओं व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। 18वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के ओवर ऑल विजेता/चैंपियन दिनेश पंवार रहे। टूर्नामेंट में उपविजेता आशीष जैन घोषित हुए। विजेता बेस्ट नेट विशाल बंसल और उपविजेता ग्रुप कैप्टन विवेक रावत रहे।

टूर्नामेंट में पहली बार होल इन वन का खिताब तीन गोल्फरों, टी पी सिंह, विकास टंडन और राघव कारला को मिला। सुपर वेटरन ग्रास कैटेगरी में कर्नल एस सी गुप्ता विजेता रहे और सुपर वेटरन रनर बेस्ट नेट में कर्नल यू सी कोठारी विजेता रहे। महिला कैटेगरी में डॉ. सृष्टी धौन विजेता और सुजाता कादयान उपविजेता रही। वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में मयंक गुप्ता विजेता रहे। वेटरन नेट कैटेगरी में ग्रुप कैप्टन एन पी सिंह विजेता रहे। विजेन्द्र जीत सिंह तोमर और रुसांक सिजवाली को उदीयमान गोल्फर का खिताब दिया गया। मेधांश एस बिष्ट को सबसे होनहार गोल्फर का खिताब मिला। प्रतियोगिता में 15–18 आयु वर्ग में विजेता राघव कालरा रहे। (12–15) आयु वर्ग में प्रथम विवान अग्रवाल और 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में मोहम्मद माज मंसूर विजेता घोषित किए गये।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने विजेता गोल्फरों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी गोल्फरों ने यहां गोल्फ खेलने के साथ–साथ यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आंनद अवश्य लिया होगा। राज्यपाल ने कहा कि देश के विभिन्न भागों से आए गोल्फ खिलाड़ी और उनके परिजन सही मायनों में उत्तराखंड पर्यटन के ब्रांड ऐम्बेसडर हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जब वे नैनीताल से वापस अपने घरों को जाएंगे तो यहां के प्राकृतिक सौंदर्य, यहां की की खूबसूरती, यहां के अतिथ्य के बारे में और लोगों को बताएंगे, उन्हें उत्तराखंड का भ्रमण करने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस गोल्फ प्रतियोगिता का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य नैनीताल सहित उत्तराखण्ड के पर्यटन का प्रचार–प्रसार करना है।

राज्यपाल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षो में राजभवन गोल्फ कोर्स को आमजन से अधिक से अधिक जोड़ने का प्रयास किया गया है। राजभवन गोल्फ कोर्स को स्कूली बच्चों के लिए भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने गोल्फ में महिलाओं और युवाओं की बढ़ती रूचि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में उत्तराखण्ड से राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी यहां का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट को और अधिक बेहतर किए जाने का प्रयास किया जाएगा।

गोल्फ क्लब के सचिव/परिसहाय मेजर तरूण कुमार ने इस आयोजन से जुड़े सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, आयुक्त कुमाऊं मण्डल दीपक रावत, आई जी डॉ. निलेश आनंद भरणे, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस भदौरिया, एसएसपी पंकज भट्ट, परिसहाय श्री अमित श्रीवास्तव, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, गोल्फ क्लब के सबसे पुराने सदस्य स्क्वाड्रन लीडर डी एस मजीठिया, श्री सचिन चमोली, श्री वेद प्रकाश मोहार सहित गोल्फर्स और उनके परिजन उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन गोल्फ कैप्टन कर्नल(रिटा.) हरीश चन्द्र शाह द्वारा किया गया।

नोटः–(विजेताओं की विस्तृत सूची संलग्न है।)

<u>Prize List GCGT 2023</u>

1	Winner - Maximum Pars	Mr.Samarth Jain
2	Winner - Maximum Birdies	Mr.Subhash Chander
3	Winner - Nearest to Pin	Sachin Kumar
4	Winner – Longest straight Drive	Mr.Krishna Srivastava
5	Hole In One	T P Singh To be sent later Vikas Tandon and Raghav Kalra
6	Youngest Golfer	Mast.Vijitendriya Singh Tomar Mast.Rushank P S Sijwali
7	Most Promising Player	Medhansh S Bisht
8	Super Veteran – Runner Best Net	Col U C Kothari
9	Super Veteran – Gross Winner	Col S C Gupta
10	Ladies Golfer – Runner	Sujata kadyan
11	Ladies Golfer – Winner	Dr Srishti dhaon
12	Junior Golfer 15-18yrs Runner	Harsh Pegwal
13	Junior Golfer 15-18yrs Winner	Raghav Kalra
14	Junior Golfer 12-15yrs Runner	Mast. Ram Bansal
15	Junior Golfer 12-15yrs Winner	Mast. Vivaan Agarwal
16	Junior Golfer below 12 yrs Runner	Mast.Archit Agarwal
17	Junior Golfer below 12 yrs Winner	Mast.Mohd.Maaz Mansoor
18	Veteran Golfer Net Winner	Grp Capt NP Singh (Net)
19	Veteran Golfer Gross Winner	Mr. Mayank Gupta (Gross)
20	Runner Best Net	Gp Captain Vivek Rawat
21	Winner Best Net	Vishal Bansal
22	Runner Best Gross	Ashish jain
23	Winner Best Gross	Dinesh Panwar

May 21, 2023